## ब्रीफ खबरें

### राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए निमंत्रण पत्र बांटे

**नोवामुंडी।** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होगी. इसी के तहत विश्व हिन्दू परिषद के नोवामुंडी प्रखंड कमेटी ने नोवामुंडी प्रखंड के दूधबिला पंचायत में आकर भाजपा पंचायत प्रभारी पप्पू गौड़ एवं सभी पंचायत वासियों को उद्घाटन में जाने के लिए विशेष निमंत्रण पत्र देकर आग्रह किया. मौके पर विहिप के निलेश ठक्कर, गौतम पोद्दार, अनीश ठक्कर एवं ग्रामवासी में पप्पू गौड़ उपस्थित थे.

### वार्ड नं-16 में लगा शिविर,उमड़ी भीड़

**चाईबासा।** नगर परिषद चाईबासा के द्वारा वार्ड नं-16 नीमडीह मध्य विद्यालय के सामने 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शिविर लगाया गया. इस शिविर में 80 वार्डवासियों ने स्वास्थ्य जांच कराया, 35 ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन दिया. अंचल कार्यालय से संबंधित 15 लोगों ने आवेदन दिया. जरुरतमंदों के बीच 90 कंबल का वितरण किया गया. मौके पर नप चाईबासा प्रशासक प्रतिभा रानी, झामुमो नगर अध्यक्ष राहुल तिवारी आदि उपस्थित थे.

### अभयपुर में एक सप्ताह में तीन घरों में हुई चोरी

**मनोहरपुर।** मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अभयपर में चोर एक बार फिर सक्रिय हो गए है.विदित हो कि अभयपुर गांव में एक सप्ताह के भीतर तीन लोग उन अज्ञात चोरों के शिकार हुए है.कुछ दिन पहले भी गांव में खस्सी बकरी चोरी की घटना सामने आई थी. मनोहरपुर पुलिस व स्थानीय लोगों की सक्रियता से चोरी में संलिप्त चोरों को पकड़ा गया था.इधर पुनः दुबारा चोरी की घटना से गांव वालों की नींद उड़ा दी है. गांव में चोरी की पहली घटना अभयपुर की रहने वाली पारा शिक्षिका जलेश्वरी समद की है.

### लाभुकों के बीच परिसंपतियों का किया गया वितरण

**मनोहरपुर।** प्रखंड के पूर्वी पंचायत मनोहरपुर स्थित आम बगान मैदान में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव,मनोहरपुर प्रखंड प्रमुख गुरुवारी देवगम, बीडीओ शक्तिकुंज, मुखिया पूजा कुजूर एवं पंचायत समिति सदस्य उषादेवी खुशबू उपस्थित थे. ज़िप उपाध्यक्ष, प्रमुख, बीडीओ, मुखिया, पंसस एवं अन्य के हाथों विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों वितरण किया .

### महिला खाई किटनाशक दवा, सीएचसी में भर्ती

**मनोहरपुर।** आनंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम समीज की रहने वाली विवाहित महिला 25 वर्षीय सुनीता देवी को गंभीर हालात में सोमवार को मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया.परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक़ मामला पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद का है.जिससे चार बच्चे की मां सुनीता देवी ने कीटनाशक दवा पीकर आत्महत्या का कुप्रयास किया है.जहां महिला का मनोहरपुर सीएचसी अस्पताल में स्थानीय चिकित्सकों के देख रेख में इलाज चल रहा है.

### प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग को ले कल से अनशन

**चाईबासा।** जन रक्षा संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार को चक्रधरपुर प्रखंड के रोलाडीह हाई स्कूल मैदान में अनिश्चितकालीन अनशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. हाई स्कूल की शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने की मांग को लेकर यह अनशन आयोजित किया गया. जन रक्षा संघर्ष समिति के संयोजक पंडित कुमार महतो ने कहा कि पिछले बार अनशन खत्म करने को लेकर जिला शिक्षा विभाग की ओर से आश्वसन दिया गया था .

### नटराज संगीत विद्यालय का वार्षिक महोत्सव संपन्न

**चाईबासा।** रविवार देर शाम तक नटराज संगीत विद्यालय, चाईबासा का वार्षिक महोत्सव शहर के पिल्लई टाउन हॉल में मनाया गया. इस अवसर पर अतिथि के रूप में समाजसेवी नितिन प्रकाश, संजीव मलिक, पुनीत सेठिया, नमिता गोस्वामी ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित 17वीं वार्षिक को उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया. इस अवसर पर नटराज संगीत विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

---

### चाइल्ड लाइन के पूर्व कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल समस्या को लेकर बाबूलाल मरांडी के पास पहुंचे

# चाइल्डलाइन कर्मियों को नियुक्ति का दिया आश्वासन

**संवाददाता। चाईबासा**



चाइल्ड लाइन के अध्यक्ष पीटर तिग्गा व सचिव राकेश मिश्रा के नेतृत्व में झारखंड के सभी जिले के को-ऑडिनेटर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आवास में जाकर मुलाकात की. इसमें पश्चिम सिंहभूम के को-ऑडिनेटर भी शामिल हुये. इस दौरान चाइल्डलाइन की समस्याओं से अवगत कराया गया. बताया गया कि चाइल्डलाइन बच्चों की देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता के लिए एक आपातकालीन सेवा है जो कोविड-19 जैसे महामारी के समय भी बच्चों की सुरक्षा के लिए अपना कीमती योगदान देती आयी है. 31 अगस्त 2023 के बाद झारखंड चाइल्डलाइन के सभी कर्मियों को राज्य सरकार के माध्यम से नियुक्ति दिया जाना था. लेकिन अब दिसंबर महीना भी समाप्त होने को है. लेकिन अबतक विभाग से किसी तरह का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ. झारखंड चाइल्डलाइन के कर्मियों के द्वारा विभाग में चाइल्डलाइन कर्मियों की नियुक्ति से संबंधित पत्र विभाग में कई बार दिया जा चुका है. साथ ही महिला एवं बाल विकास मंत्री जोबा मांझी एवं सरकार के उप सचिव विकास कुमार से भी मुलाकात कर

**खास बातें**

- 31 अगस्त के बाद सरकार को नियुक्ति पत्र देना था
- सरकार चाइल्ड लाइन को निजी कंपनी को दे चुकी

ज्ञापन दिया गया था. जिसमें उनके तरफ से चाइल्डलाइन के पूर्व कर्मी को केवल आश्वासन ही मिला है. अब तक कुछ नहीं किया गया है. ना ही कुछ सूचना प्राप्त कराया गया है. मालूम हो कि झारखंड सरकार चाइल्डलाइन को निजी कंपनी के हाथों में दे चुकी है. साथ ही विभाग द्वारा चाइल्डलाइन में नए कर्मियों की नियुक्ति भी की जा रही है. चाइल्डलाइन के सभी कर्मियों को उनके कार्य अनुभव को प्राथमिकता देते हुए नियुक्ति दिया जाए. जिसके लिए झारखंड चाइल्ड लाइन के सभी जिला के लीडर अपनी समस्या को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर अपनी समस्या को उनके समक्ष रखकर मांग पत्र दिया. बाबूलाल मरांडी ने आश्वासन दिया कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए वह इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द करेंगे. सभी पूर्व चाइल्डलाइन कर्मियों को नियुक्ति दिलाने का आश्वासन दिया.

---

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- रेडक्रॉस का मुख्यालय कहां है – **जेनेवा**
- किस ग्रह पर ग्रेट रेड स्पॉट की खोज की गई है – **बृहस्पति**
- खारे पानी मे पैदा होने बाले पौधो को कहा जाता है – **लोफाइट्स**
- भारत का सबसे छोटे जिला का नाम – **माहे (पुडुचेरी)**
- सैयद वंश के संस्थापक कौन थे – **खिज्र खान**
- संयुक्त राष्ट्र का 193वां राष्ट्र – **दक्षिणी सूडान**
- बैटिंग ब्लॉक शब्दावली किस खेल से संबंधित है – **कबड्डी**
- विश्व का सबसे छोटा महासागर – **आर्कटिक**
- मानव ने आग का प्रयोग किस काल में प्रारंभ किया था – **नवपाषाण**
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह कहा पर स्थित है – **बंगाल की खाड़ी**
- भारत की जलवायु कैसी है – **उष्ण कटिबंधीय मानसूनी**

---

### ग्रामीण शिविर में आकर योजना का लाभ उठाएंः लक्ष्मी सोरेन

# बराईबुरु फुटबॉल मैदान में लगा शिविर,उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**संवाददाता।किरीबुरु**



बराईबुरु फुटबॉल मैदान में कार्यक्रम को संबोधित करते जिप अध्यक्ष।

किरीबुरु पूर्वी पंचायत अंतर्गत बराईबुरु फुटबॉल मैदान में सोमवार को बीडीओ अनुज बंदो की अगुआई में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों लोग विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने पहुंचे. कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन, विशिष्ट अतिथि नोवामुण्डी प्रखंड प्रमुख पूनम गिलुवा, उप प्रमुख ज्योति दास, जिप सदस्य देवकी कुमारी, मुखिया मंगल सिंह गिलुवा, किरीबुरु पश्चिम की मुखिया पार्वती किडो, उप मुखिया सुमन मुंडू, समिति के अध्यक्ष बुधराम पुरती ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किये.जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री का प्रयास है कि हर वर्ष ऐसा शिविर के माध्यम से झारखंड के प्रत्येक पंचायत में ऐसा शिविर आयोजित कर लोगों को तमाम प्रकार के सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाये. जिप सदस्य देवकी कुमारी ने कहा कि जो ग्रामीण जिला व प्रखंड कार्यालय तक अपनी समस्याओं का समाधान हेतु नहीं जा पाते हैं, उस अंतिम व्यक्ति तक इस कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार का उद्देश्य है. प्रमुख पूनम गिलुवा ने कहा कि सरकार द्वारा जितनी भी योजना आम जनता के लिये प्रारम्भ की है घर तक पहुंचाने हेतु यह कार्य किया जा रहा है. सरकार की सभी विभाग का स्टौल आपके गांव में लगा है, जिसका लाभ जनता उठायें.उप प्रमुख ज्योति दास, किरीबुरु पश्चिम की मुखिया पार्वती किडो. ने भी संबोधित किया. मुखिया मंगल सिंह गिलुवा ने स्वागत भाषण दिया.

**खास बातें**

- कई मामलों का ऑन द स्पाट किया गया निबटारा
- शिविर में स्टॉल से दी गयी योजनाओं की जानकारी

#### ऑनलाइन नहीं हो सका काम

कार्यक्रम स्थल पर नेटवर्क नहीं होने के कारण आधार से संबंधित शिकायतों का समाधान नहीं हो सका. ऑनलाइन की जगह लगभग 200 लोग ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कराये. कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था का भारी समस्या देखा गया. मंच संचालन करने वाला उपलब्ध नहीं था. चिकित्सा शिविर का लोगों ने लाभ उठाया. इस दौरान जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरण, 8 वीं के तीन छात्राओं को साईकल हेतु 4500 रुपये का डेमो चेक दिया गया.

#### इन योजनाओं का लोगों ने लिया लाभ

इस कार्यक्रम में सभी विभागों के कुल 22 स्टॉल लगे थे. इसमें निबंधन, सर्वजन पेंशन योजना, मनरेगा, आवास/आबुआ आवास, 15 हवें वित्त आयोग/डीएमएफटी, खाद्य आपूर्ति/धोती साडी/लुंगी वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना/ दवा वितरण, कृषि, धान अधिप्राप्त एवं बैंक से संबंधित कार्य, स्वास्थ्य/ मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, फूलो झानों आशीर्वाद योजना एवं जेएसएलपीएस, आईसीडीएस/ सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, वन विभाग, कल्याण/ वन अधिकार पट्टा, बिजली विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता आदि का लाभ लिया.

---

# जरबेरा कॉरनेशन के फूल की खेती से किसानों कर रहे आर्थिक प्रगति

**संवाददाता। चाईबासा**



फूलों की खेती में जरबेरा कारनेशन की खेती किसानों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो रही है. इससे न केवल उनकी आर्थिक प्रगति हो रही है या बल्कि एक बार लगाने के बाद अगले 5 वर्षों तक उसे फूल को दोबारा लगाने की जरूरत नहीं होती. यह फूल इस पौधे से लगातार निकलते रहेगा. एक-एक जरबेरा के पौधे से एक सीजन में 40 कैंडल फूल निकलते हैं. इसकी बाजार में सजावट के लिए काफी मांग होती है. इस तरह कृषकों को जारबेड़ा की खेती से अच्छी आमदनी हो रही है. पिछले वर्ष की सफलता को देखते हुए इस वर्ष भी उद्यान विभाग के द्वारा 10 कृषकों के समूह को जारबेरा फूलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है.

किसानों की आर्थिक प्रगति के लिए जिला उद्यान विभाग द्वारा जरबेरा की खेती 1000 मीटर का एक ट्यूब हाउस तथा उसकी वर्ष में लगाने के लिए जरबेरा के पौधे उसके कंद दिए जाएंगे. एक जरबेड़ा से एक पौधे से एक सीजन में 35 से 40 कैंडल फूल निकलते हैं, जिनका मार्केट वैल्यू आम फूलों से ज्यादा रहता है. एक बार इसके पौधे या कंद को लगाने के बाद यह फूल अगले 5 वर्षों तक फूल देते रहता है. इससे किसको कम श्रम के खपत के बाद अच्छी आमदनी के स्रोत खुल जाते हैं. फूलों की खरीदारी के लिए व्यापारी भी खेतों तक पहुंच कर उन फूलों की खरीदारी करने के लिए डील कर लेते हैं और इससे व्यापारियों को एक जगह से ही बड़ी मात्रा में फूल प्राप्ति हो जाती है और किसानों को पैसा भी प्राप्त हो जाता है.

### टीएसएफ ने 28 किसानों को सोलर पंप किया वितरण

**नोवामुंडी।** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) नोवामुंडी द्वारा काटामाटी एवं नोवामुंडी के महुदी, कुटरपोसी, बड़ा बलजोड़ी, जेटेया, पोखरपी एवं जामपानी आदि अन्य गांवों के कुल 28 किसान समूह को सोलर पंप का वितरण किया गया. इसके बाद गांव में किसानों का कहना है कि सोलर पंप के उपयोग से उन्हें सिंचाई करने के खर्चों से बड़ी राहत मिल रही है. इसके उपयोग करने से वे एक साथ दो-तीन कामों को भी कर पा रहे हैं. कृषि के क्षेत्र में सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प है. सौर ऊर्जा से चलने वाला सिंचाई यंत्र जिसे हम सोलर पंप कहते हैं.

# खेतों में घुसा जंगली हाथियों का झुंड, धान को किया चट

**संवाददाता।तांतनगर**



मंझारी प्रखंड क्षेत्र के जंगल से सटे गांव बारकिमा, लुमझुरी, निलक्रपदा आदि क्षेत्र में जंगली हाथियों का झुंड शाम होते ही खेत खलिहान तरफ रूख अख्तियार करते हैं. जिससे क्षेत्र के किसानों में न सिर्फ डर भय सता रहा है बल्कि खेत खलिहान में रखे धान को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं. रविवार रात को प्रखंड के पाड़सा पंचायत अतंर्गत तुंगा के स्वरूप चंद्र बारिक के खेत काट के रखे धान को खा गये. जिससे किसान स्वरूप चंद्र बारिक को हजारों का नुकसान पहुंचा है. किसान बारिक ने सरकार से मुआवजा दिलाने की मांग की है. उन्होंने बताया कि बीते रात 8 जंगली हाथियों का झुंड खेतों में घुस गये. जिससे खेत काट कर रखें धानों को न सिर्फ खाया बल्कि पैर तले उत्पाद मचा तितर बितर कर बर्बाद कर दिया है.

---

# सेल खदान में सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**संवाददाता। नोवामुंडी**



सेल गुवा अयस्क माइंस, बोकारो स्टील प्लांट 61वां सुरक्षा सप्ताह 2023 का उद्घाटन, डीजीएम चाईबासा क्षेत्र के तत्वावधान सोमवार को किया गया. सेल गुवा के मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर और महिला समिति अध्यक्ष स्मिता भास्कर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित व सुरक्षा की प्रतीकात्मक मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर किया गया. कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) कमल भास्कर ने कहा कि सतर्कता हटी, दुर्घटना घटी. उन्होंने मन, कर्म व वचन से साथ सुरक्षा के नियमों को समझने एवं आत्मसात करना जरूरी बताया. उन्होंने कहा कि जल्दीबाजी एवं ओवर कॉन्फिडेंस के कारण अक्सर दुर्घटनाएं घटती हैं. उन्होने सभी को सुरक्षा दीपक जलाते रहने की अपील कर असुरक्षा से लड़ते रहने के लिए प्रेरित किया. साथ ही सेल गुवा प्रबंधन की ओर सुरक्षा बनाए रखने हेतु सदैव सबों को खड़े रहने का अश्वासन दिया. साथ सुरक्षा के नई तकनीक को अनुकरणीय बताया.

#### सदैव सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती हैःएसपी दास

महाप्रबंधक (खान) एसपी दास ने कहा कि खान में सदैव सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है. महाप्रबंधक आरके सिन्हा ने कहा कि 61वां खान सुरक्षा सेल गुवा की मेजबानी मे होना गर्व की बात है. महाप्रबंधक सीबी कुमार ने कहा कि सुरक्षा नियम को फिर से याद कर दुर्घटना को रोकें. मौके पर सेल गुवा सुरक्षा मॉडल कक्ष का उद्घघाटन महिला समिति अध्यक्ष स्मिता गिरी एवं सेल गुवा प्रबंधन प्रमुख, मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर ने संयुक्त रूप से पदाधिकारियों के साथ की. सभी को सुरक्षा की शपथ महा प्रबंधक एनके झा ने दिलाई.

### बीएड की जूनियर छात्राओं ने सीनियर को दी विदाई

**चाईबासा।** महिला कॉलेज के बीएड बहुउद्देशीय कक्ष में बीएड की जूनियर छात्राओं द्वारा सीनियर छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या एवं सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा दीप जलाकर किया. जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियर्स को फूल देकर तथा स्वागत गीत गाकर समारोह कक्ष तक ले गई. इस अवसर पर जूनियर छात्राओं ने सुंदर गीत तथा नृत्य प्रस्तुत कर अपने सीनियर्स को विदाई दी तथा बीएड प्रशिक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया तो वहीं सीनियर छात्राओं ने भी अपने दो साल के प्रशिक्षण के दौरान अनुभव को अपने जूनियर से शेयर किया. कॉलेज की प्राचार्य डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी . बीएड के विभागाध्यक्ष मोबारक करीम हाशमी ने सभी छात्राओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के लिए बधाई दी .

# वनभोज में 100 लोगों ने झामुमो का दामन थामा

**संवाददाता। नोवामुंडी**



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बैनर तले गुवा सेवानिवृत्त श्रमिक संघ के 100 लोगों ने झामुमो का दामन थामा. इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गुवा के ठाकुरा गांव स्थित कारो नदी के किनारे एक भव्य वनभोज का आयोजन किया गया. इस वनभोज में जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन उपस्थित हुई.जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन ने कहा कि आने वाले 2024 में लोकसभा चुनाव होने जा रही है. इस वर्ष 2024 में झामुमो का ही सरकार बनना तय है. झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जो झारखंड का पूर्ण विकास करना जानती है.

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीब किसान, बीपीएल कार्डधारी, महिला समिति को योजना की जानकारी देकर उनके घर तक योजनाएं पहुंचा रही है. सभी योजनाओं का लाभ सभी को मिल सके. झारखंड सरकार की योजना अबुआ आवास के माध्यम से गरीबों को घर दिया जा रहा है. कार्यक्रम के अंत में करीब 100 गुवा सेवानिवृत्त श्रमिक संघ ने झामुमो का दामन थामा. कार्यक्रम के अंत में सामूहिक वनभोज का आनंद लिया. इस मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन सह जिला सदस्य वृंदावन गोप, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नाथ गुप्ता, रिमु बहादुर, दुर्गा चरण देवगम, सुभाष दास, हेमराज सोनार, शंकर चातोम्बा सहित अन्य मौजूद थे.

**खास बातें**

- 2024 में झामुमो का ही सरकार बनना तय है : लक्ष्मी
- कारो नदी के किनारे भव्य वनभोज का हुआ आयोजन

---

**आयोजन** दुश्मनों को भी माफी देकर उनसे प्रेम करना सीखें : लक्ष्मी सोरेन

# एसोसिएशन ने क्रिसमस पर बच्चों को दिया नया वस्त्र

**संवाददाता। किरीबुरु**



ऑल क्रिश्चियन एसोसिएशन किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के संयुक्त तत्वावधान में रविवार की देर रात मेघाहातुबुरु के ओपेन थियेटर में आयोजित क्रिसमस मिलन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मेघाहातुबुरु के महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम एवं जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन के अलावे विशिष्ट अतिथि मुखिया पार्वती किड़ो व अन्य द्वारा प्रभु येशु मसीह के जन्मोत्सव पर केक काटा गया.

समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन ने कहा कि हम इस धरती पर जन्म लेकर किस उद्देश्य से आये हैं, उसे पहले जानने की जरुरत है. हमें लोभ, लालच, विद्वेष, ईर्ष्या त्याग लोगों का सहयोग, आपस में प्रेम-भाईचारा व लोगों को मदद करने के लिये आगे बढ़ना चाहिए. दुश्मनों को भी माफ कर उनसे प्रेम करना सीखें. येशु ने धरती पर युद्ध, मारकाट, विद्वेष से लोगों को मुक्ति दिलाने हेतु जन्म लिये. हमें सभी धर्म व समुदाय के साथ प्रेम व सहयोग करना सिखना होगा.

#### हमारे बीच प्रभु येशु दुबारा आयेंगेः पार्वती किड़ो

मुखिया पार्वती किड़ो ने कहा कि हमारे बीच प्रभु येशु दुबारा आयेंगे. वह सभी को माफी देने व एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया. हमें भी उनके बताये मार्ग पर चलना है. जरूरतमंदों को सदैव मदद करें. कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन ने जरुरतमंदों व गरीबों के बीच नये वस्त्र व कम्बल आदि का वितरण कर येशु मसीह के जन्मोत्सव पर उनके बीच खुशियां बांटी.

### रोमन कैथोलिक ईसाइयों ने क्रिसमस मिलन समारोह

**चाईबासा।** संत जेवियर स्कूल परिसर में रोमन कैथोलिक ईसाइयों ने क्रिसमस मिलन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया. मौके पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दिलीप खलखो और जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इकुड डुंगडुंग, पुलिस इंस्पेक्टर किशोर तामसोय बतौर अतिथि उपस्थित थे. कार्यक्रम में स्कूली बच्चे-बच्चियों एवं जेवियर पल्ली के विभिन्न यूनिटों के युवाओं ने मनभावन गीत व नृत्य प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में ईसा मसीह के जन्म से संबंधित आकर्षक झांकियां पेश किया गया. मौके पर डीएसपी दिलीप खलखो एवं इकुड डुंगडुंग ने अपने संबोधन में कहा कि ईसा मसीह मानव जीवन में प्रेम,शांति और करुणा का संदेश दिया है. इसलिए ईसा के जन्म दिन पर हम विशेष रूप से अपने जीवन में आपसी प्रेम,शांति और करुणा को युगों- युगों तक आत्मसात करने का संकल्प लेते हैं. उन्होंने कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है, इसे आपसी प्रेम से सुंदर बनाना हमारे हाथ में है. मौके पर पल्ली पुरोहित निकोलस केरकेट्टा, फादर अगस्टिन कुल्लू,फादर यूजिन एक्का समेत सिस्टर्स, ब्रदर्स एवं काफी संख्या में ईसाई परिवार के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे-बच्चियां उपस्थित थे.

---

### आईटीआई के छात्र-छात्राओं का किया गया मार्गदर्शन

# कैरियर गाइडेंस का मोटिवेशनल सेशन का हुआ आयोजन

**संवाददाता। चाईबासा**



श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय चाईबासा के तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित आई.टी.आई प्रशिक्षण केंद्र चाईबासा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र- छात्राओं के मध्य उज्जवल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए कैरियर गाइडेंस -सह- मोटिवेशनल सेशन का आयोजन किया गया.जिसमें परामर्शदाता प्रशांत कर्ण के द्वारा विद्यार्थियों को आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत रोजगार के क्षेत्र में क्या-क्या विकल्प हैं से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही शिक्षा, रोजगार एवं भविष्य के नए आयामों को जानने समझने और उस ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया गया.मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी, आलोक कुमार तोपनो के द्वारा अध्यनरत विद्यार्थियों को कहा गया कि आईटीआई प्रशिक्षण के उपरांत सफलता पाने के लिए बहुत सारे विकल्प आपके पास हैं . इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए अपने भीतर छिपे गुणों की पहचान करें। एवं कैरियर गाइडेंस को पढ़ाई का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएं.

## ब्रीफ खबरें

### डीजे बजाने से नाराज पड़ोसियों ने किया जख्मी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के उलीडीह में शादी की पार्टी में डीजे बजाने से नाराज पड़ोसियों ने बाप-बेटे को पीट कर जख्मी कर दिया. इस घटना में पिता रोबिन और पुत्र अभिषेक को गंभीर चोटें आई हैं. घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए एमजीएम में भर्ती कराया गया है. घायल अभिषेक ने बताया कि उसके बड़े भाई के शादी की पार्टी थी. उन्होंने खुद ही रात होने पर डीजे बंद कर दिया था. इसी दौरान पड़ोसी चार-पांच लोगों के साथ आए और मारपीट करने लगे उसके पिता रॉबिन पर हमला किया, जिससे चेहरे, हाथ और पांव में गंभीर चोटे आई हैं.

### समाजसेवी संस्था के सदस्यों ने बांटे कंबल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र पुरनापानी पंचायत अंतर्गत मेहुलचुईं गांव में बढ़ते ठंड को देखते हुए समाजसेवी संस्था के सदस्यों ने गरीब, असहाय विधवा व वृद्ध लोगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल का वितरण किया. इस अवसर पर सीपीआई (एम) के अंचल सचिव चित्र निरंजन महतो ने बताया कि शीतलहर चलने के कारण असहाय लोगों को ठंड से मुक्ति दिलाने के लिए कंबल वितरण बहुत ही सराहनीय कार्य है. इस मौके पर बुधु मुंडा, चैतन मुंडा, निमाई मुंडा, हेपा मुंडा आदि उपस्थित थे.

### स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

**बहरागोड़ा।** गुड़ाबांदा पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में चुनाव व सड़क संबंधित जागरुकता अभियान चलाया. थाना प्रभारी परवेज आलम के नेतृत्व में आश्रम आवासीय बालिका उच्च विद्यालय अर्जुनबेड़ा, झारखंड बालिका उच्च विद्यालय ज्वालकाटा, राजकीय अनुसूचित जाति/जनजाति मध्य विद्यालय सिंहपुरा के विद्यार्थियों व शिक्षको को आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव व सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों से अवगत कराया गया.

### बीएड के छात्रों की फ्रेशर पार्टी आयोजित

**जमशेदपुर।** पोखारी स्थित नेताजी सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में सोमवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया. इसमें बीएड प्रथम अर्द्धांश, सत्र 2023-25 के छात्राध्यापकों के लिए द्वितीय अर्द्धांश, सत्र 2022-24 के छात्राध्यापकों ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया. समारोह में अतिथि के रूप में नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो (डॉ) गंगाधर पंडा, उप प्रो आचार्य ऋषि रंजन, कुलसचिव नागेन्द्र कुमार, डीन अकादमिक प्रो डी शोम, डीन प्रशासनिक प्रो नजिम खान समेत विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

### रेलवे मेंस यूनियन की बैठक 22 को

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन के द्वारा मंडल के सुदूर क्षेत्र बड़ाजामदा और नोवामुंडी में सोमवार को जागरूकता अभियान चलाया गया. इसका नेतृत्व डोंगवापोशी ब्रांच के शाखा सचिव जेपी दास और रनिंग ब्रांच के संगठन सचिव नीतीश कुमार ने किया. जिसमें डोंगवापोशी शाखा के कोषाध्यक्ष सुभाष पूर्ति, नसीब गोप, विकास गोप, देवन पूर्ति, रनिंग ब्रांच से प्रदीप कुमार, अखिलेश कुमार, डोंगवापोशी ब्रांच से लक्ष्मी जी शामिल रहीं. इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को यूनियन के समक्ष रखा.

---

राहगीरों और रात्रि विश्रामालय में ठहरे लोगों के लिए अबतक अलाव की व्यवस्था नहीं

# तापमान पहुंचा 12 डिग्री, ठिठुर रहे लोग, जीना मुहाल

**संवाददाता । आदित्यपुर**



देश में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने गरीब और मुफलिसों का जीना मुहाल कर दिया है. रविवार की रात आदित्यपुर का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है.

इस ठंड में ठिठुर रहे आदित्यपुर के राहगीरों और रात्रि विश्रामालय में ठहरे लोगों के लिए अब तक नगर निगम ने अलाव की व्यवस्था नहीं की है. और तो और हर बार सामाजिक संगठनों द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस वर्ष अब तक किसी भी सामाजिक संगठन ने अलाव की व्यवस्था नहीं की है. रविवार की रात रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और रैन बसेरा में राहगीरों को ठिठुरते देखा गया है. बता दें कि हर वर्ष रात में चौक-चौराहों, रेलवे स्टेशन और रैन बसेरों में समाजसेवियों द्वारा गर्म कपड़े और कंबल आदि भी बांटे जाते थे, लेकिन इस बार अब तक ऐसा कोई समाजसेवी आगे नहीं आया है.



**खास बातें**

- रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और रैन बसेरा में ठिठुर रहे लोग
- सामाजिक संगठनों द्वारा भी नहीं हुई अलाव की व्यवस्था

### आज से 10 जगहों पर जलेगा अलाव : निगम प्रबंधन

नगर निगम के नगर प्रबंधक देवाशीष प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मंगलवार से नगर निगम के 10 चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है. इस बार प्रशासक के अवकाश पर रहने की वजह से देर हुई है, लेकिन मंगलवार से निश्चित रूप से अलाव की व्यवस्था हो जाएगी. लोग ठंड से बच कर रहें. शीतलहरी में रातों को विशेष ध्यान रखें.

---

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- किस राज्य में वाटर स्मार्ट किड अभियान शुरू किया गया – **मेघालय**
- नारंगी और बैगनी रंग के मिलने से कौन रंग बनता है – **हरा**
- सोना किस पदार्थ में घुल जाता है – **एक्वा रेजिया**
- दिल्ली कैंट की पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर – **कर्नल सुनीता बीएस**
- मयूर सिंहासन किसने बनवाया था – **शाहजहां**
- संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव कौन थे – **त्रिग्वेली**
- कालीबंगा राजस्थान के किस जिले में स्थित है – **हनुमानगढ़**
- कोलकाता नाइट राइडर्स का नया मेंटर – **गौतम गंभीर**
- महावीर ने जैन धर्म में कौन–सा सिद्धान्त जोड़ा था – **ब्रह्मचर्य**
- किस राज्य में महल नगर है – **हिमाचल प्रदेश**

---

पहली बार आयोजित होगी नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप

# नेशनल थ्रो बॉल 27 से पूरे देश से आएंगे खिलाड़ी

**संवाददाता । चांडिल**



चांडिल में पहली बार राष्ट्रीय थ्रो बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा. झारखंड राज्य थ्रोबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित 31वीं सब जूनियर और 46वीं सीनियर नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप देश के सभी 24 प्रदेशों से टीमें भाग लेंगी. एसोसिएशन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता के दौरान 24 राज्यों के 1500 पुरुष व महिला खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे.

प्रतियोगिता का आयोजन चांडिल पॉलिटेक्निक परिसर में 27 से 29 दिसंबर 2023 तक होगी. यह पहली बार होगा जब चांडिल जैसा छोटा नगर किसी नेशनल चैंपियनशिप का मेजबान होगा. प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जोरों पर तैयारी की जा रही है.

**26 से चांडिल पहुंचेंगे खिलाड़ी :** झारखंड राज्य थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया 35 साल पहले अपनी स्थापना के बाद से ही देश में थ्रोबॉल चैंपियनशिप हर साल लोकप्रियता हासिल कर रही है. उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रतिभागियों की संख्या में भारी वृद्धि की उम्मीद है. प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीमों को चमचमाती ट्रॉफी के साथ आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे. इस संबंध में थ्रोबॉल एसोसिएशन के सरायकेला-खरसावां जिला के सचिव आकाश कुमार दास ने बताया कि 26 दिसंबर से ही खिलाड़ियों का पहुंचना शुरू हो जाएगा. सभी के ठहरने की व्यवस्था चांडिल पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में ही किया गया है.

### कराया जाएगा मनोहारी स्थानों का भ्रमण

सरायकेला-खरसावां जिला थ्रोबॉल एसोसिएशन के सचिव आकाश कुमार दास ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचने वाले खिलाड़ियों को झारखंड की कला-संस्कृति से रू ब रू कराया जाएगा. खिलाड़ियों को राज्य के लजीज व्यंजन भी परोसे जाएंगे. उन्होंने बताया कि सरायकेला-खरसावां जिला व आसपास के क्षेत्र में स्थित मनोहारी और धार्मिक महत्व के स्थानों का भ्रमण भी कराया जाएगा. उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महत्व के चांडिल डैम व दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी के अलावा जयदा मंदिर, आकर्षणी मंदिर, दिउड़ी मंदिर समेत अन्य स्थानों का भ्रमण कराकर उनके महत्व को बताया जाएगा.

**खास बातें**

- चांडिल पॉलिटेक्निक में 27 से 29 दिसंबर तक प्रतियोगिता
- 1500 पुरुष व महिला खिलाड़ी और अधिकारी लेंगे भाग

---

### ब्राउन शुगर खरीदने आये 3 युवक धराये

**आदित्यपुर।** राज्यभर में ब्राउन शुगर के आदित्यपुर का मुस्लिम बस्ती मशहूर हो गया है. यहां दूर दूर से नशे के शिकार युवक युवतियां ब्राउन शुगर की खेप लेने आते हैं. सोमवार की शाम एक कार से रांची से ब्राउन शुगर खरीदने आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती आये 3 युवकों को आदित्यपुर पुलिस ने सूचना पाकर गिरफ्तार किया है. तीनों युवकों के पास से कार समेत 40 पुड़िया ब्राउन शुगर पुलिस ने बरामद किया है. आरोपी युवकों में रांची सिसई के अमनदीप बाड़ा, करमटोली के प्रीतम उरांव और हेहल के प्रवीण तिग्गा शामिल हैं. इनके पास से ब्लू रंग की बलेनो कार जे एच 05 बीटी 6360 भी पुलिस ने जब्त किया है.

### बिनोद बिहारी महतो की 32वीं पुण्यतिथि मनाई

**चांडिल।** झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति की ओर से सोमवार को चांडिल प्रखंड के सुकसारी ने दिवंगत विनोद बिहारी महतो की 32वीं पुण्यतिथि मनाई गई. इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उन्हें नमन किया. लड़ना है तो पढ़ना सीखों का नारा देने वाले दिवंगत विनोद बिहारी महतो अगल झारखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता थे. पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण हुए 23 वर्ष बीत गए, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अलग राज्य का सपना देखने वाले शहीदों का सपना आज भी अधूरा ही है. लोग आज भी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए तरस रहे हैं. विनोद बिहारी महतो ने कहा था कि पढ़ो और अपने हक के लिए लड़ो.

---

# कीर्तन दरबार का हुआ समापन

**संवाददाता । जमशेदपुर**



कीताडीह सिख नौजवान सभा के बैनर तले दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित शहीदों के सरताज श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहीदी दिवस को समर्पित दो दिवसीय महान कीर्तन दरबार का रविवार को समापन हो गया.

इसमें एसएसपी किशोर कौशल समेत सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह, झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, वरीय उपाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह भाटिया, चंचल सिंह, सलाहकार परविंदर सिंह सोहल, सुरेंद्र सिंह शिंदे, सुखदेव सिंह बिट्टू केंद्रीय नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह, गोल पहाड़ी के प्रधान लखविंदर सिंह, परसुडीह के प्रधान रणजीत सिंह माथारू समेत कई लोग शामिल हुए.

इस मौके पर सिख नौजवान सभा के प्रधान त्रिलोचन सिंह ने समारोह में शामिल सभी को गुरु महाराज की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया. एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि सिख कौम से शिक्षा लेने की जरूरत है. कार्यक्रम को सफल बनाने में सिख नौजवान सभा के तमाम पदाधिकारी व सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा. खास तौर पर दिलप्रीत सिंह, शरण सिंह, हरदेव सिंह, सोनू गोलू का सहयोग रहा. अंत में गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी किशन सिंह ने गुरु महाराज के चरणों में अरदास की. उसके बाद गुरु का अटूट लंगर संगत के बीच बरताया गया.

# रेस्टोरेंट के किचन में गैस लिकेज से लगी आग

**संवाददाता । जमशेदपुर**



साकची थाना अंतर्गत आमबगान के पास स्थित एक रेस्टोरेंट के किचन में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई. किचन से आग निकलता देख कर्मियों ने तत्काल अग्निशामक यंत्र का इस्तेमाल कर आग को बुझाने का प्रयास किया. इधर, घटना की सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई. सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग और टाटा स्टील से एक-एक दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में लग गई. हलांकि जब तक दमकल मौके पर पहुंची तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था. रेस्टोरेंट संचालक सैयद आसिफ ने जानकारी देते हुए बताया कि रेस्टोरेंट का किचन पीछे की ओर है. किचन में खाली गैस सिलेंडर को बदला जा रहा था. इसी बीच नए सिलेंडर का कैप खोलने के दौरान उसमें से गैस का रिसाव हुआ. गैस पास ही जल रहे चुल्हे के आग के संपर्क में आ गई जिससे वह तेजी से जलने लगी. पास ही रखे अग्निशामक यंत्र से आग को बुझाया गया. आग लगने के बाद बिजली सप्लाई को बंद कर दिया गया.आग से किचन में रखे सामान और एसी जलकर खाक हो गए है. फिलहाल आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है.

### प्ले स्कूल में क्रिसमस कार्निवल की रही धूम

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर सीएच एरिया स्थित प्ले स्कूल "स्टेप बाय स्टेप विद डॉली आंटी" में सोमवार को क्रिसमस कार्निवल का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में शामिल बच्चों और उनके माता-पिता ने इसमें शामिल होकर जमकर मस्ती की. स्कूल परिसर में आयोजित कार्निवल एक जीवंत कार्यक्रम था, जो हंसी, उत्सव और समुदाय की भावना से भरा था. प्रिंसिपल डॉली उपाध्याय ने बच्चों के लिए यादगार अनुभव बनाने की प्रतिबद्धता के साथ इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया. क्रिसमस कार्निवल में ढेर सारी मनोरंजक गतिविधियां शामिल थी, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बच्चों और उनके माता-पिता का दिन खुशी से भरा रहे. क्लासिक मजेदार खेलों से लेकर स्वादिष्ट फूड स्टॉल की व्यवस्था की गई थी, जिसका आनंद सभी ने उठाया.

---

# को-ऑपरेटिव कॉलेज में शिल्प प्रदर्शनी, 80 कलाकार शामिल



**संवाददाता । जमशेदपुर**

को-ऑपरेटिव कॉलेज में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को धालभूम एसडीओ पियूष सिन्हा ने फीता काट कर किया. इस प्रदर्शनी के जरिये वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प के प्रति विद्यार्थियों में रूचि बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है.इसमें झारखंड के अलग-अलग जगहों से लगभग 80 कलाकारों ने भाग लिया हैं.इस कार्यक्रम का आयोजन वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प सेवा केंद्र,रांची ने कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य विभाग के सौजन्य से किया. मौके पर मुख्य रूप से कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह व शिक्षकगण मौजूद थे.

**कला सीख कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं छात्र:** प्राचार्य ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को झारखंड भर के शिल्प कलाओं से अवगत करना है. बांस, मिट्टी, लाह की बनी हुई चीजें,कपड़ों पर चित्रकला जो हाथों से शिल्पी बनाते है, उसकी जानकारी दी जा रही है.

---

सड़क पर उतर आए लोग, नारेबाजी कर जताया विरोध

# सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

**संवाददाता । जमशेदपुर**



मानगो आजादनगर स्थित न्यू करीम सिटी कॉलेज के पास कपाली को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण में अनियमितता बरते जाने का आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है. सोमवार को इसे लेकर आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए और नारेबाजी कर विरोध जताया. लोगों ने खुद ही सड़क की मापी की जिसमें सड़क की चौड़ाई कम मिली. सड़क के बगल से निकली नाली को भी मिट्टी डाल कर भर दिया गया है, जिससे पानी जमा होने की समस्या शुरू हो गई है. लोगों में इसे लेकर आक्रोश है. स्थानीय निवासी जावेद अख्तर ने बताया कि इस सड़क के निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई है. कई जगह पर सड़क की मोटाई और चौड़ाई को कम कर दिया गया है. पीडब्ल्यूडी फंड से 800 मीटर इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें एक पुलिया भी शामिल है. केके बिल्डर द्वारा इस सड़क को बनाया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है. इस कार्य में लगे इंजीनियर मोहंती ने आसपास के लोगों से पैसे लेकर सड़क की क्वालिटी को खराब कर दिया है. कुछ लोगों की सुविधा अनुसार सड़क का निर्माण कर दिया गया है. नाले को मिट्टी डाल कर भर दिए जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. लोगों ने बताया कि पुलिया का निर्माण ठीक किया गया है, लेकिन सड़क निर्माण में कई खामियां है. कुछ लोगों ने आरटीआई के तहत इसकी जानकारी भी मांगी है.

**खास बातें**

- न्यू करीम सिटी कॉलेज के पास बन रही सड़क
- मिट्टी डाल कर भर दी नाली, सड़क पर जलजमाव

---

# बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी फिल्टर प्लांट के निर्माण कार्य में आई तेजी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

बिष्टुपुर में बन रहे बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी फिल्टर प्लांट के निर्माण कार्य का सोमवार को बागबेड़ा वासियों ने जायजा लिया. बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता सुबोध झा, विनय सिंह, राजेश कुमार, आलोक राज, संजय कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार कार्यस्थल पर पहुंचे और चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली. मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ महेंद्र बैठा भी मौजूद थे. सुबोध झा ने एसडीओ से कहा कि एक करोड़ 88 लाख की लागत से किए जा रहे इस निर्माण कार्य को तेजी से करने का निर्देश ठेकेदार को दें.

**लेख्य प्रमाणक महोदय, चतरा**

**शपथ पत्र**

मैं अशरुनिशा (ASHRUNNISA) पति अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN), उम्र 75 वर्ष, जाति – कलाल एराकी, धर्म – इस्लाम (मुस्लीम), पेशा – कृषि, राष्ट्रीयता– भारतीय, पता ग्राम मिश्रौल, पो. – खद्यैया, थाना–टण्डवा, जिला– चतरा (झारखंड), पिन कोड – 825321 शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि –

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरे वोटर आई.डी. कार्ड सं. M N K 2216208 एवं आधार कार्ड संख्या – 4530 4302 0375 में मेरा नाम अशरुनिशा (ASHRUNNISA) पति अब्दाल हुसैन (A B D A L HUSSAIN) है। जो मेरा एवं मेरे पति का वास्तविक नाम है।
3. यह कि मेरा वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1948 है, जो मेरे आधार कार्ड एवं वोटर आई.डी.कार्ड में अंकित है।
4. यह कि मेरे पासपोर्ट सं. H3883830 एवं पासपोर्ट फाईल नं. RCHA00867309 में भूलवश मेरा नाम अशरुन निशा (A S A R U N NISHA) एवं जन्म तिथि 18.09.1953 अंकित हो गया है।
5. यह कि मैं उपरोक्त पासपोर्ट में मेरा नाम अशरुनिशा (ASHRUNNISA) एवं जन्मतिथि 01.01.1948 करने हेतु यह शपथ पत्र तैयार कर रही हूं।

शपथ पत्र संख्या 2142/13.12.23

**लेख्य प्रमाणक महोदय, चतरा**

**शपथ पत्र**

मैं अब्दाल हुसैन (ABDAL HUSSAIN) पिता स्व अब्दुल गफुर (LATE ABDUL GAFUR), उम्र 73 वर्ष, जाति – कलाल एराकी, धर्म – इस्लाम (मुस्लीम), पेशा – कृषि, राष्ट्रीयता– भारतीय, पता ग्राम मिश्रौल, पो. – खद्यैया, थाना–टण्डवा, जिला– चतरा (झारखंड), पिन कोड – 825321 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि –

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पैन कार्ड सं. BBQPH8872M एवं आधार कार्ड संख्या – 9536 9199 8893 में मेरा नाम अब्दाल हुसैन (A B D A L H U S S A I N) पिता अब्दुल गफुर (ABDUL GAFUR) है। जो मेरा एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम है।
3. यह कि मेरा वास्तविक जन्मतिथि 01.01.950 है, जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अंकित है।
4. यह कि मेरी पत्नी का नाम अशरुनिशा (ASHRUNNISA) है।
5. यह कि मेरे पासपोर्ट सं. H3883829 एवं पासपोर्ट फाईल नं. RCHA00867009 में भूलवश मेरा नाम अब्दुल हुसैन (A B D U L HUSSAIN) मेरे पिता का नाम अब्दुल गौर (ABDUL GAUR) एवं पत्नी का नाम असारुन निशा (A S A R U N NISHA) हो गया है।
6. यह कि मेरे उपोक्त पासपोर्ट में मेरा जन्मतिथि भी भूलवश 12.06.1946 अंकित हो गया है।
7. यह कि मैं अपने उपरोक्त पासपोर्ट में मेरा नाम अब्दाल हुसैन (A B D A L HUSSAIN), मेरे पिता का नाम अब्दुल गफुर (ABDUL GAFUR) एवं मेरी पत्नी का नाम अशरुनिशा (ASHRUNNISA) करने हेतु यह शपथ पत्र तैयार कर रहा हूं।

शपथ पत्र संख्या 2141/13.12.23

---

**घोषणा** अब भी औद्योगिक इकाइयों को नगर निगम नहीं दे रहा जलापूर्ति कनेक्शन

# होल्डिंग टैक्स के बिना नहीं मिलेगा कनेक्शन: नगर प्रबंधक

**संवाददात। आदित्यपुर**




आदित्यपुर के औद्योगिक इकाइयों को नगर निगम अब भी नए जलापूर्ति कनेक्शन नहीं दे रहा है. जिससे उद्यमी संगठनों में रोष है. जलापूर्ति का कनेक्शन देने वाले नगर निगम के नोडल अधिकारी नगर प्रबंधक अजय कुमार ने कहा है कि होल्डिंग टैक्स भुगतान किए बिना जलापूर्ति कनेक्शन नहीं मिलेगा.

उन्होंने कहा कि उद्यमियों को बोरिंग के लिए भी नगर निगम से अनुमति लेनी होगी, अन्यथा अवैध बोरिंग कराई तो उद्यमियों को 25 हजार से 1 लाख रुपए तक का जुर्माना देना होगा. बता दें कि उच्च न्यायालय द्वारा औद्योगिक प्रतिष्ठानों से होल्डिंग टैक्स नहीं लेने से संबंधित उद्यमियों की याचिका को निरस्त कर दिया गया है. जिसके बाद नगर निगम ने सारे औद्योगिक प्रतिष्ठानों का होल्डिंग कायम करने के लिए नोटिस निर्गत कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है. वहीं उन्हें जलापूर्ति कनेक्शन से वंचित रखते हुए उन्हें बोरिंग कराने के लिए भी नगर निगम से अनुमति लेने की चिट्ठी भेजी है.

**खास बातें**

- उद्यमियों को बोरिंग के लिए भी लेनी होगी अनुमति
- अवैध बोरिंग कराई तो एक लाख रुपये तक जुर्माना
- दो मंजिली इमारत के लिए लगेंगे 1000 रुपये

इसमें बिना अनुमति के किए गए सारे बोरिंग को नगर निगम द्वारा अवैध माने जाने की बात कही गई है और अवैध बोरिंग साबित होने पर ऐसे औद्योगिक इकाइयों पर 25000 से लेकर 1 लाख रुपए तक का जुर्माना वसूल करने और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किये जाने की चेतावनी दी गई है. नगर प्रबंधक ने नगर निगम के अनुमति के बिना ज्यादा ब्यास वाला बोरिंग खोदने पर बोरिंग एजेंट एवं प्लॉट मालिक के खिलाफ जुर्माना के साथ एफआईआर दर्ज करने की बात कही है. आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में बोरिंग करने के लिए आवासीय कॉलोनी में दो मंजिला के लिए 1000 रुपया शुल्क एवं कमर्शियल प्रॉपर्टी पर 25000 का शुल्क लेने को मंजूरी दी गई है. नगर निगम में वही गाड़ी बोरिंग कर सकेंगे जिन्होंने बोरिंग करने के लिए निगम में रजिस्ट्रेशन कराया है, वर्तमान में आदित्यपुर नगर निगम में महज 7 बोरिंग गाड़ियां ही पंजीकृत हैं.

### अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर कार्यक्रम

**चांडिल।** ईचागढ़ प्रखंड के बड़ा आमड़ा गांव में कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी की ओर से सोमवार को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया. इस अवसर पर क्षेत्र में अल्पसंख्यकों के वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई. क्षेत्र में विकास की स्थिति और अल्पसंख्यकों की जरूरतों पर भी विचार-विमर्श किया गया. सरायकेला-खरसावां जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अलमल बलखी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष गुलरेज अंसारी, प्रदेश महासचिव फजल खान, प्रदेश सचिव मो. सद्दाम आदि शामिल हुए.

